प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 24.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

.........................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा नई दिल्ली के दौरे पर हैं। उन्होंने आज केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की। सोशल मीडिया पोस्ट पर श्री शर्मा ने बताया कि उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से राजस्थान में विभिन्न परियोजनाओं और उद्योग क्षेत्र में निवेश संभावनाओं पर चर्चा की। साथ ही राज्य के आर्थिक विकास पर भी विचार विमर्श हुआ। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कल केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह से भी शिष्टाचार भेंट की।

.........................

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर आज देश प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इस अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण के लिए कई पहलों का शुभारंभ कर रहे है। इनमें ई–मैप पोर्टल, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्प लाइन 2.0, जागो ग्राहक ऐप, जागृति ऐप और जागृति डैश बोर्ड शामिल है। उपभोक्ता दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। बारां और जैसलमेर में पिछले एक हफ्ते से चलाया जा रहा उपभोक्ता सप्ताह आज सम्पन्न हो रहा है। वहां आज जिलास्तरीय कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें जिला कलेक्टर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे। अजमेर में कई गतिविधियों का आयोजन कर लोगों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की जानकारी दी जायेगी। केकडी और शाहपुरा में उपभोक्ता संरक्षण और जागरूकता विषय पर संगोष्ठी और कार्यशाला आयोजित की जा रही है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस हर उपभोक्ता के अधिकार और उत्तरदायित्व के महत्व को उजागर करने के उद्देश्य से हर साल 24 दिसंबर को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है – वर्चुअल सुनवाई और उपभोक्ता न्याय तक डिजिटल पहुंच।

.........................

प्रदेश में चल रहे सुशासन सप्ताह के तहत आज बाडमेर जिले के सेडवा, धोरीमन्ना और बाडमेर पंचायत समिति में शिविर लगाये गये है। शिविरों में लोगों की समस्याओं के जल्द निस्तारण के साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी तरह शाहपुरा के बनेडा पंचायत समिति में प्रशासन गांवों के संग शिविर लगाया गया है। इससे पहले कल चूरू में कार्यशाला का आयोजन किया गया। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इसमें शिरकत की। इस मौके पर जिले में चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों और नवाचारों की जानकारी दी गई। वहीं बारां के चरडाना, मूडला, तिसाया सहित अन्य ग्राम पंचायतों में शिविर लगाये गये। इनमें आम लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर राहत दी गई।

.........................

कोटपूतली उपखण्ड के किरतपुरा गांव में बोरवेल में गिरी बच्ची को निकालने के लिए प्रशासन के साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवान मुस्तैदी से जुटे हुए है। स्थानीय लोग भी उनकी मदद कर रहे हैं। 700 फुट गहरे बोरवेल में गिरी ये बच्ची डेढ सौ फुट पर फंसी हुई है।
उसे लगातार ऑक्सीजन सप्लाई दी जा रही है। घटना स्थल पर एम्बूलेंस तैनात की गई है। ताकि बच्ची के निकलते ही उसे अस्पताल पंहुचाया जा सके।

.........................

मशहूर फिल्म निर्देशक श्याम बेनेगल के निधन पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अपने संदेश में पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भारतीय सिनेमा के इस दिग्गज फिल्मकार के निधन पर सोशल मीडिया संदेश में शोक जताया है। उन्होंने भी परिजनों के लिए सांत्वना व्यक्त की है।

.........................

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से पिछले 24 घंटों में कहीं–कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बरसात दर्ज की गई। इस बीच दिन के तापमान में गिरावट से सर्दी का असर बढ़ा है। राज्य में सबसे कम 3 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस तापमान माउंटआबू में दर्ज किया गया। ज्यादातर स्थानों पर न्यूनतम तापमान 8 डिग्री से

ऊपर बना हुआ है। इस बीच आज सुबह कई स्थानों पर कोहरा छाया रहा। बाडमेर में घने कोहरे के साथ ठण्डी हवाएं चल रही है। हनुमानगढ में कल शाम से शुरू हुआ हल्की बारिश का दौर रूक–रूक कर सुबह तक जारी रहा।

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार 26 और 27 दिसम्बर को एक और पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई जगह मावठ के आसार है। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

……………………